# हर 5 में से एक को कैंसर का खतरा

## एम्स में देश-विदेश के कैंसर विशेषज्ञों ने स्तन कैंसर से बचाव का दिया मंत्र



**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 30 जुलाई. एम्स में रेडिएशन, सर्जिकल और मेडिकल ऑन्कोलॉजी विभाग ने स्विट्ज़रलैंड की द डियर फाउंडेशन के साथ मिलकर एक वृहद स्तन कैंसर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया.**

कार्यक्रम में डॉ. आकांक्षा चौधरी ने बताया कि तंबाकू, शराब के सेवन और मोटापे के कारण कैंसर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं. विश्व स्वास्थ्य संगठन की हालिया रिपोर्ट के अनुसार हर 5 में से एक व्यक्ति अपने जीवनकाल में कैंसर से प्रभावित हो सकता है. वहीं महिलाओं में स्तन कैंसर सबसे आम है, जबकि 40 प्रतिशत कैंसर ऐसे कारणों से होते हैं जिन्हें रोका जा सकता है. सामाजिक झिझक और डर के कारण महिलाएं समय पर जांच नहीं करातीं, जिससे बीमारी गंभीर रूप ले लेती है. बता दें, गुरुवार को एम्स के कार्यपालक निदेशक डॉ. माधवानन्द कर के मार्गदर्शन में हुए इस आयोजन में देश और दुनिया के डॉक्टरों, स्वास्थ्यकर्मियों और विद्यार्थियों समेत 200 से अधिक लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी. जहां स्तन कैंसर जागरुकता के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए कई प्रतिभागी गुलाबी रंग के परिधान पहनकर पहुंचे.

### 40 की उम्र के बाद मैमोग्राफी और स्वयं जांच जरूरी

कार्यक्रम में डॉ माधवानन्द कर ने सलाह दी कि 40 वर्ष या उससे अधिक उम्र की महिलाओं को नियमित रूप से स्क्रीनिंग मैमोग्राफी करानी चाहिए. वहीं एम्स नागपुर के डॉ. नीलेश श्रीवास्तव ने महिलाओं को स्वयं स्तन परीक्षण की सही विधि समझाई, ताकि वे किसी भी असामान्य बदलाव की पहचान तुरंत कर सकें. स्विट्जरलैंड से वर्चुअल माध्यम से जुड़े डॉ. अजय भटनागर ने शुरुआती अवस्था में बीमारी की पहचान के लिए डियर ऐप का प्रदर्शन किया. इसके बाद बंसल अस्पताल के डॉ. अतुल सोमैया ने कहा कि कई मरीज झाड़-फूंक के चक्कर में पड़ जाते हैं. इससे सही इलाज में देरी होती है और मरीज की जान खतरे में आती है. उन्होंने सिर्फ योग्य डॉक्टरों से वैज्ञानिक और प्रमाण आधारित इलाज कराने की अपील की. वहीं डॉ. शिखा मलिक ने बताया कि पौष्टिक और संतुलित आहार कैंसर से बचाव और इलाज के दौरान शरीर को मजबूत रखने में सबसे मददगार होता है.

### पारिवारिक विवाद सुलझाने बनेगी समन्वय समिति

**भोपाल ( निज संवाददाता ).** हैहयवंशी ताम्रकार समाज संगठन की प्रदेश कार्यसमिति बैठक में पारिवारिक विवादों के निपटारे के लिए जिला स्तर पर समन्वय समिति बनाने का फैसला लिया गया. बैठक में बताया गया कि समाज के कई मामले थाने और अदालतों में लंबित हैं, जिन्हें आपसी समझ और काउंसलिंग के जरिए सुलझाने की कोशिश की जाएगी. यह जिम्मेदारी जिला अध्यक्षों को सौंपी गई है.बैठक की अध्यक्षता नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र पैगवार ने की. संगठन के पदाधिकारियों के अनुसार, समिति बनने से छोटे विवाद अदालत तक जाने से बचेंगे और लोगों को समय व खर्च दोनों में राहत मिलेगी.

बैठक में तय किया गया कि प्रदेश कार्यसमिति की साल में दो बैठकें प्रत्यक्ष और दो ऑनलाइन होंगी. एक कोर कमेटी भी बनाई गई है, जो नीतिगत फैसले लेकर कार्यसमिति से मंजूरी लेगी. मानसून के दौरान समाज की सभी जिला स्तर और स्थानीय इकाइयों को पौधरोपण करने के निर्देश दिए गए हैं.



# एक मंच पर चार राज्यों के लोकनृत्य

## गोविंदपुरा के स्कूल में हुआ आयोजन

**निज संवाददाता**

**भोपाल,30 जुलाई. गोविंदपुरा स्थित एम.के.एन. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को ऐसा माहौल देखने को मिला, जहां ढोल-नगाड़ों की थाप और पारंपरिक वेशभूषा के साथ आदिवासी लोकनृत्यों ने सभी का ध्यान खींच लिया.**

संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को देश की जनजातीय संस्कृति से जोड़ना रहा. कार्यक्रम में वार्ड 57 के पार्षद सुरेंद्र बाडीका मुख्य अतिथि थे. कार्यक्रम में अलग-अलग राज्यों की लोक परंपराओं को मंच पर प्रस्तुत किया गया.

आयोजकों के अनुसार मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और ओडिशा की झलक प्रस्तुत की गई. कलाकारों ने गोंडी भगोरिया, करमा और फूल-पत्ती जैसे पारंपरिक नृत्य पेश किए. साथ ही बुंदेलखंड के लोकगीतों की प्रस्तुति भी दी गई. रंगीन पोशाक और पारंपरिक संगीत के साथ हुए इन नृत्यों ने पूरे परिसर का माहौल बदल दिया, कार्यक्रम में मौजूद छात्रों ने बताया की पहली बार इस तरह की प्रस्तुतियां देखीं. काविश समूह के कलाकारों ने नृत्यों के पीछे की परंपरा और उनके महत्व के बारे में भी जानकारी दी, जिससे बच्चों की रुचि और बढ़ी.

अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के कार्यक्रम नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने का अच्छा माध्यम हैं. उन्होंने स्कूलों में ऐसे आयोजनों को आगे भी जारी रखने की जरूरत बताई.



# रवींद्र भवन में गूंजे भक्ति गीत, गरबा धुनें

**निज संवाददाता**


**भोपाल, 30 जुलाई. शहर के रवींद्र भवन में गुरुवार को आर्ट ऑफ लिविंग संस्था की ओर से गुरु पूर्णिमा महोत्सव आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए. कार्यक्रम में भजन, संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के जरिए गुरु के प्रति श्रद्धा जताई गई.**

कार्यक्रम की शुरुआत गुरु पूजा और नृत्य प्रस्तुति से हुई. इसके बाद बड़ौदा से आए गायक गौतम डबीर ने भजन प्रस्तुत किए. श्रद्धालु भजनों के साथ गुनगुनाते रहे और बीच-बीच में तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साह बढ़ाते रहे. कार्यक्रम के आगे के हिस्से में भक्ति गीतों के साथ कुछ फिल्मी गीत और पारंपरिक गरबा की धुनें भी प्रस्तुत की गईं. इससे माहौल में उत्साह बढ़ा और लोग देर तक कार्यक्रम में बने रहे.

> पूरे आयोजन के दौरान सभागार में अनुशासन माहौल भी देखने मिला. वहीं नवभारत से बातचीत में संस्था की मीडिया प्रभारी कृति ने बताया की गुरु पूर्णिमा का उद्देश्य गुरु के प्रति सम्मान जताने के साथ लोगों को सकारात्मक जीवन, सेवा और मानवीय मूल्यों की ओर प्रेरित करना है.आयोजन के अंत में स्वयंसेवकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया.

# जीवन में लक्ष्य पाने के लिए आत्मअनुशासन जरूरी : आचार्यश्री

## श्री विद्योदय तीर्थ में वीर शासन जयंती, युग परिवर्तन दिवस मनाया



**निज संवाददाता**

**भोपाल, 30 जुलाई. एमपी नगर स्थित श्री विद्योदय तीर्थ में गुरुवार को सुबह से देर शाम तक वीर शासन जयंती और युग परिवर्तन दिवस का आयोजन हुआ.**

आचार्यश्री समयसागर महाराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए अनुशासन, धैर्य और सही सोच के साथ जीवन जीने पर जोर दिया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, जबकि छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं. सुबह के सत्र में आचार्यश्री ने कहा कि जीवन में लक्ष्य पाने के लिए आत्मअनुशासन सबसे जरूरी है. उनके मुताबिक बिना सही विश्वास के आगे बढ़ना मुश्किल होता है. उन्होंने कहा कि गुरु की सीख को समझकर जीवन में उतारना ही असली साधना है. शाम के प्रवचन में आचार्यश्री ने कहा कि हर व्यक्ति में आगे बढ़ने और खुद को बेहतर बनाने की क्षमता होती है, लेकिन इसके लिए गलत सोच और आदतों को छोड़ना जरूरी है. उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि मजबूत आधार के बिना ऊंची उड़ान संभव नहीं होती. उन्होंने यह भी कहा कि अतीत में उलझने के बजाय वर्तमान में जीना जरूरी है. जीवन का बड़ा हिस्सा यूं ही बीत जाता है, इसलिए बचे समय को सीखने, सोचने और खुद को सुधारने में लगाना चाहिए.

### एक नजर में



#### बोर्ड टॉपर्स और श्रेष्ठ शिक्षकों को मिला सम्मान

**संत नगर, 30 जुलाई.** मिटी गोविंदराम पब्लिक स्कूल में गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया गया. इस अवसर पर भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित 'गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन' कार्यक्रम के तहत कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों तथा श्रेष्ठ शिक्षकों का सम्मान किया गया. कार्यक्रम में कमल प्रेमचंदानी, जी.टी. खेमचंदानी, विनय बदलानी एवं नवरंग थाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे. कार्यक्रम को मुख्य अतिथि कमल प्रेमचंदानी, प्राचार्य एएन मणिकंडन, शिक्षिका शनिनाथ ने संबोधित किया. कार्यक्रम में कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले निखिल मंगलानी, आदित्य पेसवानी एवं भव्य कृपलानी और प्राथमिक स्तर से नेहा वासवानी, माध्यमिक स्तर से पिंकी बदलानी तथा उच्च माध्यमिक स्तर से मरियम रईस को श्रेष्ठ शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया.

#### 250 नए डॉक्टरों को जीवनरक्षक उपचार का प्रशिक्षण

**भोपाल (नवभारत प्रतिनिधि).** गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) और उससे जुड़े अस्पतालों के निश्चेतना विभाग (एनेस्थीसिया डिपार्टमेंट) ने वर्ष 2023 बैच के करीब 250 स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया. शिविर में युवा डॉक्टरों को बेसिक लाइफ सपोर्ट और एडवांस्ड कार्डियोवैस्कुलर लाइफ सपोर्ट जैसी आधुनिक तकनीकों की बारीकियां सिखाई गईं. बता दें इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य डॉक्टरों को दिल का दौरा पड़ने या किसी अन्य आपातकालीन स्थिति में मरीजों को तुरंत और सही वैज्ञानिक तरीके से इलाज देने के काबिल बनाना रहा. इस दौरान निश्चेतना विभाग के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार ट्रेनिंग दी गई. यह पूरा कार्यक्रम जीएमसी की डीन डॉ कविता एन सिंह के मार्गदर्शन में जुलाई महीने संपन्न किया गया.

### नगर में आज

**लघुकथा साहित्य और मुंशी प्रेमचंद**
**समय** -दोपहर 2 :00 बजे, **स्थान**- हिंदी भवन

**रफ़ी - एक शाम के नाम**
**समय**- शाम 6 :30 बजे, **स्थान**-हंसध्वनि, रवींद्र भवन

**गुरु पूर्णिमा सत्संग**
**समय** - शाम 7 :00 बजे से, **स्थान**-रवींन्द्र भवन



# झूलेलाल चालीसा पर्व पर महाआरती

**संत नगर, 30 जुलाई. झूलेलाल चालीसा पर्व पर संत नगर स्थित झूलेलाल मंदिर में गुरुवार को भव्य महाआरती का आयोजन किया गया और भगवान झूलेलाल से सुख, समृद्धि एवं समाज के कल्याण की प्रार्थना की.**

कार्यक्रम में मंदिर के प्रमुख वकील चंदरभान रिझवानी एवं ओमप्रकाश रिझवानी मुख्य रूप से उपस्थित रहे. वहीं हीरो हिंदू जी (अध्यक्ष, हीरो फैन्स क्लब, संत नगर) तथा वरिष्ठ पत्रकार हीरानंद गंगवानी की विशेष उपस्थिति रही.

इस अवसर पर हीरो फैन्स क्लब के नानक ददलानी, प्रभुदास मूलचंदानी, मधु घनश्यानी, प्रकाश मीणा, राजकुमार ददवानी, रवि ललवानी, समीर एवं नरेंद्र तहेलियानी सहित अन्य श्रद्धालु भी मौजूद रहे.

# 600 युवाओं ने लगाई दौड़, 332 हुए सफल

**भोपाल ( खेल प्रतिनिधि ).** अग्निवीर भर्ती रैली के तीसरे दिन राजगढ़ जिले के युवाओं ने दमदार प्रदर्शन किया. गुरुवार को आयोजित दौड़ में 649 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 600 ने हिस्सा लिया, जिनमें 332 उम्मीदवार दौड़ पास करने में सफल रहे. बड़ी संख्या में युवाओं की भागीदारी और सफल अभ्यर्थियों की संख्या ने भर्ती प्रक्रिया के प्रति उत्साह को भी दिखाया.

भर्ती कार्यालय के अनुसार, दौड़ के दौरान युवाओं ने तय मानकों के अनुसार शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन किया. सफल उम्मीदवार अब भर्ती की अगली प्रक्रिया में शामिल होंगे.

# डीपीएस कोलार के 7 खिलाड़ी संभाग स्तर पर

## तीरंदाजी प्रतियोगिता में चार विद्यालयों ने लिया भाग



**खेल प्रतिनिधि**

**भोपाल, 30 जुलाई.** जिला स्तरीय शालेय सॉफ्ट टेनिस स्पर्धा में दिल्ली पब्लिक स्कूल, कोलार के खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु वर्गों में सात स्थान हासिल कर संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया. जिला स्तरीय शालेय तीरंदाजी प्रतियोगिता भी शासकीय सरोजिनी नायडू कन्या उमावि, शिवाजी नगर में संपन्न हुई, जिसमें चार स्कूलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया. विभिन्न आयु वर्गों में मुकाबले हुए और विजेता खिलाड़ियों ने अगले चरण के लिए जगह बनाई.

सॉफ्ट टेनिस में अंडर-14 बालक वर्ग से त्रिशान बरुआ और अंडर-14 बालिका वर्ग से अनुषा सिन्हा का संभाग स्तर के लिए चयन हुआ. अंडर-17 बालक वर्ग में जन्मेजय सक्सेना ने स्थान बनाया. अंडर-17 बालिका वर्ग से मैत्री पाटीदार, धानी तिवारी और राधा माहेश्वरी भी अगले दौर में पहुंचीं. विवान देसाई और अनीश्क लोधी अपने-अपने वर्ग में छठे स्थान पर रहे और स्टैंडबाय खिलाड़ी घोषित किए गए.



# कैम्पियन स्कूल में मनाया फीस्ट डे

**भोपाल, 30 जुलाई. कैम्पियन स्कूल अरेरा कॉलोनी स्कूल परिसर में स्थित लोयला सभागार में संत इगनेशियस ऑफ लोयला का फीस्ट डे धूमधाम से मनाया गया.**

कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य फॉदर अमृतलाल टोप्पो एस.जे., सुपीरियर व मैनेजर फादर कपिल एस.जे., उप प्राचार्य फादर फेबियानुस खलखो, बरसर फादर ब्लासियस कुल्लु एस.जे., अन्य फादर द्वारा द्वीप प्रज्जवलित करके की . प्राइमरी के बच्चों ने सेलिब्रेशन डांस, नृत्य नाटिका, प्रेयर डांस की मनमोहक प्रस्तुति दी.

### निटर भोपाल को मिला प्रथम पुरस्कार

**भोपाल.** राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (निटर), भोपाल ने 25 से 27 जुलाई तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित 'गवर्नमेंट अचीवमेंट्स एंड स्कीम्स एक्सपो-2026' में 'फैकल्टी डेवलपमेंट एवं टेक्निकल पेडागॉजी में उत्कृष्टता' श्रेणी में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया. एक्सपो में निटर भोपाल ने अपनी शैक्षणिक परामर्श सेवाओं, औद्योगिक सहयोग तथा तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों का प्रदर्शन किया. संस्थान के निदेशक प्रो. चन्द्र चारु त्रिपाठी के मार्गदर्शन में डॉ. अंजु रॉले, डॉ. संदीप एस. केदार, डॉ. रवि कुमार गुप्ता एवं डॉ. शिल्पी ने संस्थान का प्रतिनिधित्व किया.



# अर्थ ने जीते चार स्वर्ण पदक

## मध्यप्रदेश, राजस्थान और गुजरात के 800 तैराक हुए शामिल

**खेल प्रतिनिधि**

**भोपाल, 30 जुलाई. सेज इंटरनेशनल स्कूल, कोलार रोड के छात्र अर्थ जैन ने सीबीएसई वेस्ट ज़ोन स्विमिंग चैंपियनशिप 2026-27 में शानदार प्रदर्शन करते हुए चार स्वर्ण और एक रजत पदक अपने नाम किए.**

विदिशा के स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता में उनकी इस उपलब्धि ने भोपाल को बड़ी सफलता दिलाई. आयोजकों के अनुसार चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात समेत कई राज्यों के करीब 800 तैराकों ने भाग लिया. अर्थ ने 100 मीटर और 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक, 50 मीटर बटरफ्लाई तथा 200 मीटर इंडिविजुअल मेडले में स्वर्ण पदक जीते. 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में रजत पदक हासिल किया.

> उन्होंने 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक 1 मिनट 10 सेकंड, 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक 30 सेकंड, 50 मीटर बटरफ्लाई 29 सेकंड और 200 मीटर इंडिविजुअल मेडले 2 मिनट 37 सेकंड में पूरा किया. कई प्रतिस्पर्धी राज्यों के तैराकों के बीच उन्होंने अलग-अलग स्पर्धाओं में लगातार पदक जीता. इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन ने छात्र, उसके कोच और परिवार को बधाई दी. स्कूल का कहना है कि खेलों में बेहतर प्रशिक्षण और नियमित अभ्यास के लिए खिलाड़ियों को लगातार सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे विद्यार्थी राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं.

### विचार विमर्श

#### भोज विवि में जनजातीय अध्ययन पर पाठ्यक्रम तैयार करने संगोष्ठी

# जनजातीय अध्ययन के कोर्स बढ़ाने की जरूरत : परमार



**निज संवाददाता**

**भोपाल, 30 जुलाई. मध्य प्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय में गुरुवार को जनजातीय अध्ययन पर नए पाठ्यक्रम तैयार करने के लिए दो दिवसीय संगोष्ठी शुरू हुई. कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि देश के वन और पर्यावरण की रक्षा में जनजातीय समाज की बड़ी भूमिका रही है, लेकिन इसे लेकर सही समझ अब भी कम है.**

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों में जनजातीय अध्ययन के कोर्स बढ़ाने की जरूरत है ताकि इस समाज को सही नजरिए से समझा जा सके.

मंत्री ने बताया कि प्रदेश के अन्य विश्वविद्यालयों में भी ऐसे पाठ्यक्रम शुरू करने की योजना है.उनके मुताबिक कुछ जगहों पर जनजातीय समाज को लेकर गलत धारणाएं बनी हुई हैं, जिन्हें दूर करना जरूरी है.

विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. मिलिंद दांडेकर ने कहा कि अब तक जनजातीय समाज पर ज्यादा लेखन बाहरी नजरिए से हुआ है, इसलिए नए शोध और अध्ययन की जरूरत है.

> उन्होंने बताया कि पाठ्यक्रम तैयार करने का मकसद इसी कमी को दूर करना है. देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राकेश सिंघाई ने अपने यहां चल रहे जनजातीय अध्ययन के कोर्स की जानकारी दी. अन्य वक्ताओं ने भी कहा कि योजनाएं बनाने से पहले जनजातीय समाज की भाषा, संस्कृति और जरूरतों को समझना जरूरी है, तभी योजनाओं का सही फायदा मिल सकेगा.

# पूनम श्रोती को राष्ट्रपति भवन के कार्यक्रम का मिला आमंत्रण



**निज संवाददाता**

**भोपाल, 30 जुलाई. शहर की सामाजिक कार्यकर्ता पूनम श्रोती को इस बार 15 अगस्त पर नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में होने वाले 'एट होम' समारोह में शामिल होने का निमंत्रण मिला है.यह कार्यक्रम देश के प्रमुख राष्ट्रीय आयोजनों में माना जाता है, जिसमें अलग-अलग क्षेत्रों में काम करने वाले लोगों को बुलाया जाता है.**

संस्था के मुताबिक पूनम लंबे समय से दिव्यांगजनों के अधिकार, सुविधा और बराबरी के अवसरों को लेकर काम कर रही हैं. वे उद्दीप वेलफेयर सोसाइटी के जरिए शिक्षा, रोजगार और सार्वजनिक सुविधाओं तक पहुंच आसान बनाने के मुद्दे उठाती रही हैं. हाल ही में उन्होंने इन विषयों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी पत्र लिखा था.